## न्यूज डायरी




### अंतरिक्ष की सैर पर जा रहे दुनिया के सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति और ऐमजॉन कंपनी के मालिक जेफ बेजोस आज अंतरिक्ष के सैर पर रवाना होने जा रहे हैं। भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे जेफ बेजोस अंतरिक्ष के सफर पर रवाना होंगे। जेफ बेजोस की इस यात्रा के दौरान दो नए रेकॉर्ड बनने जा रहे हैं। जेफ बेजोस की इस फ्लाइट में दुनिया की सबसे बुजुर्ग और सबसे युवा अंतरिक्ष यात्री जा रहा है। बेजोस के साथ उनके भाई भी अंतरिक्ष की सैर पर जा रहे हैं। बेजोस के साथ भाई मार्क, 82 साल की महिला अंतरिक्ष यात्री वेली फंक और 18 साल के अंतरिक्ष यात्री ओलिवर दाइमेन भी जा रहे हैं। इस उड़ान टेक्सास में लाकर लाइव देखनी की सुविधा नहीं है लेकिन ऑनलाइन ब्लू ओरिजघ्नि इसका लाइव प्रसारण करेगी। करीब 204 अरब डॉलर की संपत्ति के मालिक जेफ बेजोस के पास एक आलीशान याट है जिसकी मदद से वह जब चाहें दुनिया के किसी समुद्र में सैर पर निकल सकते हैं।

### कनाडा ने भारत से सीधी उड़ानों को 21 अगस्त तक के लिए किया सस्पेंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा में रह रहे भारतीयों को बड़ा झटका लगा है। कनाडा ने भारत से उड़ानों को 21 अगस्ध्त तक के लिए सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए कनाडा ने यह फैसला लिया है। कनाडा ने अपने नागरिकों से अपील की है कि अगले नोटिस तक कोरोना के खतरे को देखते हुए देश के बाहर सफर करने से बचें। आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि भारत से किसी तीसरे देश के रास्ते कनाडा जाने वाले लोगों को किसी तीसरे देश में कोरोना वायरस मोलेक्यूलर टेस्ट कराना होगा। इसमें निगेटिव होने पर ही कनाडा में घुसने की अनुमति दी जाएगी। अगर यात्रा करने वाले लोग पहले कोरोना वायरस की चपेट में आ चुके हैं तो उन्हें अपनी यात्रा से 14 से लेकर 90 दिन पहले टेस्ट कराना होगा। इसे भी किसी तीसरे देश में कराना होगा।

### चीन में पहली बार मंकी बी वायरस से इंसान की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कोरोना वायरस संकट के बीच चीन में एक और वायरस के इंसान के संक्रमित करने का मामला सामने आया है। बंदर के जरिए फैलने वाले बी वायरस (बी वी) के संक्रमण की चपेट में आए पशुओं के एक डॉक्ध्टर की मौत हो गई है। यह चीन में इंसान में इस मंकी बी वायरस से संक्रमण का अपनी तरह का पहला पुष्ट मामला है। बताया जा रहा है कि डॉक्ध्टर मार्च महीने में दो मरे हुए बंदरों की चपेट में आए थे। यह मंकी बीवी वायरस कितना घातक है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इससे संक्रमित लोगों की मरने की दर 70 से 80 फीसदी है। वहीं कोरोना वायरस से संक्रमित 1000 लोगों में से केवल 9 लोगों के मरने का खतरा रहता है। चीन के आधिकारिक मीडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

### रूस ने किया जिरकॉन मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। अमेरिका और नाटो देशों के साथ तनाव के बीच रूस ने अपनी तीसरी हाइपरसोनिक मिसाइल जिरकॉन का सफल परीक्षण किया है। जिरकॉन एक एंटी शिप मिसाइल है और इस सफल परीक्षण के बाद माना जा रहा है कि इसे अगले साल तक सक्रिय कर दिया जाएगा। अमेरिका के पास अभी भी कोई ऑपरेशनल हाइपरसोनिक मिसाइल नहीं है। इस बीच मिसाइल परीक्षण पर अमेरिका भड़क उठा है और कहा है कि इससे अस्थिरता बढ़ेगी। दरअसल, अमेरिका के पास 20 एयरक्राफ्ट कैरियर और असॉल्ट शिप हैं और रूस ऐसी घातक मिसाइलें बनाकर अमेरिका की शक्ति को संतुलित करने में लगा रहता है। ठीक यही रणनीति अब चीन ने भी अपना ली है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वीडियो जारी किया और दिखाया कि एक बहुत तेज मिसाइल रूसी युद्धपोत एडमिरल गोर्शकोव से निकल रही है।

# तालिबान की धमकी से घबराए तुर्की के राष्ट्रपति, अमेरिका से मांगी मदद

**धमकी**

## काबुल एयरपोर्ट को संभालने के लिए अमेरिका दे हर सहायता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अंकारा/काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल तक रॉकेट बरसा रहे तालिबान आतंकियों ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान की नींद उड़ा दी है। मुस्लिम जगत का खलीफा बनने का सपना देख रहे एर्दोगान ने अब काबुल एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए अमेरिका से वित्तीय, लॉजिस्टिकल और राजनयिक समर्थन मांगा है। तुर्की काबुल एयरपोर्ट की सुरक्षा संभालकर एक तीर से कई शिकार करने की कोशिश में है।

तुर्की के राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब हाल ही में तालिबान ने धमकी दी थी कि अगर तुर्की की सेना ने हमारी सरजमीं को नहीं छोड़ा तो हम कार्रवाई करेंगे। दरअसल, हाल ही में तुर्की ने यह प्रस्ताव दिया था कि जब नाटो की सेनाएं अफगानिस्तान से पूरी तरह से वापस चली जाएंगी तो उसके सैनिक काबुल एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लेंगे।



उत्तरी साइप्रस में आयोजित एक कार्यक्रम में एर्दोगान ने कहा, सबसे पहले अमेरिका को राजनयिक और कूटनीतिक रिश्तों के मामलों में हमारा पक्ष लेना होगा। दूसरी बात वे हमारे लिए पूरा लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराएं। उन्हें अपनी प्रत्येक लॉजिस्टिक क्षमता को हमें सौंपना होगा। अंत में इस पूरी प्रक्रिया के दौरान गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक कठिनाइयां आने वाली हैं। इस बारे में भी अमेरिका को तुर्की की मदद करनी होगी। इन शर्तों को अगर पूरा किया जाता है तो हम काबुल एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा संभाल सकते हैं।

इससे पहले सोमवार को एर्दोगान ने तालिबान की धमकी को नजरअंदाज करते हुए कहा था कि उसे अपने भाइयों की जमीन पर कब्जा खत्म करना चाहिए। एर्दोगान ने तालिबान से अपील की है कि दुनिया को अफगानिस्तान में कायम शांति दिखाएं। एर्दोगान ने तालिबान के तुर्की की सेना को धमकी देने पर खास प्रतिक्रिया नहीं दी। तालिबान ने तुर्की को चेतावनी दी थी कि काबुल एयरपोर्ट पर सैनिकों की तैनाती के भयानक नतीजे हो सकते हैं।

**मुस्लिम ऐसे एक-दूसरे से पेश ना आएं:** पाकिस्तान के जियो टीवी के मुताबिक एर्दोगान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, तालिबान को अपने भाइयों की जमीन पर कब्जा बंद कर देना चाहिए और दुनिया को दिखाना चाहिए कि अफगानिस्तान में शांति कायम है। उन्होंने कहा कि तालिबान का रास्ता ऐसा नहीं जिससे मुस्लिमों को एक–दूसरे से पेश आना चाहिए। तुर्की ने NATO के काबुल से निकलने के बाद अमेरिका से काबुल एयरपोर्ट की निगरानी की पेशकश की थी।

**तालिबान ने दी थी धमकी:** इससे पहले तालिबानी आतंकवादियों ने तुर्की को जोरदार धमकी दी थी। तालिबान ने काबुल एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा संभालने के तुर्की के इरादे को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान ने इसकी घोषणा अमेरिका के कहने पर की है जो हमारे और तुर्की के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को नुकसान पहुंचाएगा।

## गलवान में चीन के 4 नहीं 5 सैनिकों की हुई थी मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। लद्दाख की गलवान घाटी में खून हमला करने वाले चीन ने माना है कि भारतीय जवानों ने पलटवार करते हुए चीनी कमांडर की फाबाओ समेत कई पीएलए के सैनिकों को घेर लिया था। यही नहीं चीन ने 5 महीने बाद अपने सैनिकों के मरने की संख्ध्या को भी बदल दिया है। चीन ने कहा है कि गलवान हिंसा में उसके 4 नहीं बल्कि 5 सैनिक मारे गए थे। चीन ने अपने सैनिक चेन होंगजून के मारे जाने के बारे में काफी नई जानकारी दी है।

चीन की सरकारी संवाद समिति शिन्हुआ के हवाले से सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि 33 साल के बटालियन कमांडर चेन होंगजून ने सीमा पर ड्यूटी निभाते हुए भारत के साथ संघर्ष में चार अन्य साथियों के साथ जान गवां दी। ये सभी सैनिक शिंजियांग मिलिट्री कमांड के थे और कराकोरम की पहाड़ियों पर तैनात थे। इससे पहले फरवरी में चीन ने पहली बार माना था कि उसके 4 सैनिकों की गलवान हिंसा में मौत हुई थी।

**पीएलए कमांडर समेत कई जवान हिंसा के दौरान घिर गए:** ड्रैगन ने यह स्वीकारोक्ति ऐसे समय पर की थी कि जब पैंगोंग झील से चीन और भारत की सेनाएं पीछे हट रही थीं।



### चल रही थी ईद की नमाज, बरसने लगे रॉकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में चल रहे गृहयुद्ध की आंच अब राजधानी काबुल में स्थित अफगान राष्ट्रपति के निवास तक पहुंच गई है। राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को ईद की नमाज चल रही थी, इसी बीच पास में ही रॉकेट की बारिश होने लगी। इस घटना के वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि एक बार एक कई रॉकेट विस्फोट हुए। अभी तक इस हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि ईद की नमाज के दौरान राष्ट्रपति अशरफ घनी और देश के अन्य नेता और अधिकारी हिस्सा ले रहे थे।

# चीन के माल की तरह बेकार निकला बांध, ताश के पत्तों की तरह से बहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन के सामानों की गुणवत्ता अक्सर दुनियाभर में सवालों के घेरे में रहती है। इसका एक ताजा उदाहरण चीन के इनर मंगोलिया इलाके में देखने को मिला। मंगोलिया में भीषण बारिश के बाद एक बांध बह गया और दूसरे को काफी नुकसान पहुंचा है इन बांधों के बहने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर शेयर किया जा रहा है। इस बांध की बह जाने से चीन के बांधों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान बन गया है। यह वही चीन है जो ब्रह्मपुत्र नदी पर महाविशालकाय बांध बना रहा है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक

**चीन में बह गया बांध, 16 हजार लोग प्रभावित**

चीन का यह बांध मंगोलिया के हूलूनबुइर शहर में स्थित है। यह बांध रविवार को दोपहर में बह गया था। इस बांध में कुल 4 करोड़ 50 लाख क्यूबिक मीटर पानी जमा करने की क्षमता है। बांध टूटने की वजह से निचले इलाकों में बाढ़ आ गया है और चीन ने स्थानीय लोगों को वहां से निकाल लिया है। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**80 फीसदी बांध एक दशक पुराने:** चीन के जल मंत्रालय ने बताया कि शहर में इस सप्ध्ताह में 87 मिलीमीटर बारिश हुई है। बता दें कि खराब मौसम दुनियाभर के लिए इन दिनों चिंता का विषय बन गया है। यूरोप में जहां भारी बारिश से बाढ़ आई हुई है, वहीं अमेरिका में भीषण गर्मी पड़ रही है। हूलूनबुइर शहर के प्रशासन ने बताया कि 16 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ की वजह से प्रभावित हुए हैं। 53 हजार 800 एकड़ फसल डूब गई है। वायरल वीडिया में नजर आ रहा है कि एक बांध पूरी तरह से बह गया। इससे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। चीन में बाढ़ से बचाने के लिए 98 हजार से ज्यादा जलस्रोत हैं। इसका इस्तेमाल बिजली बनाने के लिए भी किया जाता है। इनमें से 80 फीसदी बांध एक दशक पुराने हैं। इनमें से कई बांधों की सुरक्षा को लेकर खतरा है और सरकार भी इसे मानती है।

### इमरान खान के फोन की भारत से जासूसी होने से भड़का पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के फोन की इजरायली साफ्टवेयर पेगासस के जरिए कथित रूप से जासूसी होने के खुलासे पाकिस्तान भड़क उठा है। पाकिस्तान ने कहा है कि भारत के जासूसी के इस मुद्दे को जरूरी मंचों पर उठाएगा। पाकिस्ध्तान के सूचना प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने कहा कि उनका देश प्रधानमंत्री इमरान खान के फोन की भारत से हैकिंग के मुद्दे पर और ज्यादा डिटेल की प्रतीक्षा कर रहा है। चौधरी ने कहा कि जैसे ही इमरान खान के फोन की हैकिंग का पूरा डिटेल आने पर इसे उचित मंचों पर उठाया जाएगा। इससे पहले चौधरी ने अपने एक ट्वीट में इस बात पर चिंता जताई थी कि भारत पत्रकारों और नेताओं के फोन की हैकिंग कर रहा है। इससे पहले पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों में कहा गया था कि हैक किए जा रहे फोन्स की लिस्ट में एक नंबर इमरान खान का भी है। एक दावे के मुताबिक भारत समेत कई देशों की सरकारों ने 150 से ज्ध्यादा पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य ऐक्टिविस्ट्स की जासूसी कराई है।